# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः आर0एम0पी0यू0/1639/2026 दिनांकः 04 मई,2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त/सम्बद्ध महाविद्यालय।
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
अलीगढ़।

**विषयः भारत की जनगणना–2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण (एचएलओ) के लिए स्वगणना पोर्टल के माध्यम स्वगणना कराने हेतु के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कार्यालय जिलाधिकारी, अलीगढ़ के पत्र संख्या–1304/जनगणना/प्रगणक/2025–26 दिनांक 02 मई, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारत की जनगणना–2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण (एचएलओ) के लिए स्वगणना पोर्टल के माध्यम से मार्गदर्शिका का उपयोग कर सुगम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अधिसूचित 15 दिनों (दिनांक 07–05–2026 से 21–05–2026 तक) अवधि के दौरान स्वगणना महाविद्यालयों में किया जाना है:–

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में निम्नलिखित गतिविधियाँ कराना सुनिश्चित करें–

1. विद्यार्थियों के माध्यम से जनगणना के महत्व पर जागरूकता अभियान चलाना।
2. पोस्टर, निबंध, वाद–विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।
3. जनगणना संबंधी जानकारी का प्रचार–प्रसार नोटिस बोर्ड एवं सोशल मीडिया के माध्यम से करना।
4. अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।

उपर्युक्त संदर्भ में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा ऑफिसियल यूट्यूब चैनल लिंक https://youtu-be/XxqR7XKUME8?si=YUC0hq73DDrl0lua द्वारा स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में प्राप्त मार्गदर्शिका एवं स्वगणना प्रक्रिया फ्लोचार्ट की छायाप्रति संलग्न कर उक्त समस्त नोडल अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित हैं कि सूची में अंकित अपने–अपने विभागान्तर्गत समस्त कार्यालयों/शैक्षणिक संस्थान/ अन्य संस्थान / कॉलेज / स्कूल / समूह / संगठन / केन्द्र / व्यवसायिक उपक्रम/निकाय/राजस्व ग्रामों इत्यादि को **दिनांक 07–05–2026 से 21–05–2026** तक स्वगणना कराने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उक्त सूची में **अंकित निर्धारित दिवस** को नोडल अधिकारी स्वयं व अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों (सरकारी, संविदा, आउटसोर्सिंग इत्यादि) का स्वगणना कार्यक्रम आयोजित कराकर स्वगणना करायें तथा स्वगणना करते हुए फोटोग्राफ्स जनगणना सहायक कलेक्ट्रेट अलीगढ़ (मो0न0–7906856081) को तद्दिनांक को उपलब्ध करायें।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

4-5-26

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. उप कुलसचिव, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़।
4. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. प्रभारी वेबसाइट, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़।
6. गार्ड फाइल।

**कुलसचिव**

Scanned with OKEN Scanner

महत्वपूर्ण/जनगणना कार्य–2027

# कार्यालय जिलाधिकारी, अलीगढ़।

पत्रांक 1304 /जनगणना/प्रगणक/2025–26 दिनांक 02 मई, 2026

**विषय– भारत की जनगणना–2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण (एचएलओ) के लिए स्वगणना पोर्टल के माध्यम स्वगणना कराने हेतु प्रचार–प्रसार के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग लखनऊ के पत्रांक 3–1099/90/2025 दिनांक 06 अप्रैल 2026 के माध्यम से गृह सचिव, भारत सरकार के पत्र संख्या9/9/2026/सीडी(सेन) दिनांक 19–03–2026 में दिये गये निर्देश भारत की जनगणना–2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण(एचएलओ) के लिए स्वगणना पोर्टल के माध्यम से मार्गदर्शिका का उपयोग कर सुगम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अधीनस्थ निदेशालयों/उपक्रमों/निगमों/कार्यालय आदि के कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश राज्य क्षेत्र हेतु अधिसूचित 15 दिनों **(दिनांक 07–05–2026 से 21–05–2026 तक)** अवधि के दौरान स्वगणना करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के अतिरिक्त निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ द्वारा दिनांक 28–04–2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागवार स्वगणना हेतु दिवस निर्धारित करते हुए 15 दिवस का रोस्टर उपलब्ध कराया गया है, जो कि निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | स्वगणना करने हेतु नियत दिनांक | स्वगणना हेतु दिवस | स्वगणना करने वाले विभाग | अनुपालन करने हेतु नामित नोडल अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07–05–2026 | Revenue & Administration Day | समस्त विभाग/कार्यालयाध्यक्ष। | मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़। |
| | | | राजस्व विभाग कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसील कार्यालय इत्यादि। | अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) अलीगढ़। |
| | | MP/MLAs/MLCs | मा0 जनप्रतिनिधिगण से समन्वय कर स्वगणना | अपर जिलाधिकारी (नगर), अलीगढ़। |
| 2 | 08–05–2026 | Local Governance Day | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त पार्षद/सभासद। | अपर नगर आयुक्त नगर निगम अलीगढ |
| | | | नगर पालिकायें/नगर पंचायतें। | अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) अलीगढ़। |
| | | Rural Development Day | जिला पंचायत क्षेत्रान्तर्गत। | अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अलीगढ़। |
| | | | ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत समस्त राजस्व ग्राम इत्यादि। | जिला पंचायतराज अधिकारी अलीगढ़। |
| | | | कृषि क्षेत्रान्तर्गत समस्त संस्थान | जिला कृषि अधिकारी |
| | | | पूर्ति विभाग अन्तर्गत समस्त राशन दुकानें एवं पेट्रोल पम्प इत्यादि। | जिला पूर्ति अधिकारी अलीगढ़। |
| 3 | 09–05–2026 | Youth and Sports Day | क्लब, स्टेडियम, एनएसएस एवं एनसीसी इत्यादि। | जिला क्रीड़ा अधिकारी अलीगढ़। |
| | | Community Institutions | ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत एसएचजी, एनआरएलएम इत्यादि। | जिला विकास अधिकारी अलीगढ़। |
| | | Media Day | सभी प्रमुख मीडिया संस्थान इत्यादि। | सहायक निदेशक सूचना अलीगढ़। |
| 4 | 10–05–2026 | Padma Awardees residing in the district | विशिष्ट व्यक्तियों को प्राप्त अवार्डस इत्यादि। | सहायक निदेशक सूचना अलीगढ़। |
| | | Resident Welfare Associations | समस्त रजिडेंसियल वेलफेयर संस्थायें इत्यादि। | सचिव अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अलीगढ़। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | High-Density Urban Clusters | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सघन क्षेत्र इत्यादि। | अपर नगर आयुक्त नगर निगम अलीगढ़। |
| 5 | 12-05-2026 | Uniform Forces Day(outside Special charges) | पुलिस जनपद मुख्यालय एवं समस्त थानाक्षेत्र इत्यादि। | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़। |
| | | | कार्यालय पी०ए०सी० इत्यादि। | सेनानायक, 38वीं वाहिनी पी०ए०सी० अलीगढ़। सेनानायक, 45वीं वाहिनी पी०ए०सी अलीगढ़। |
| | | | कार्यालय सी०पी०एम०एफ० बटालियन इत्यादि। | सेनानायक 104 बटालियन आर०ए०एफ अलीगढ़। |
| | | | कार्यालय होमगार्डस कार्मिक इत्यादि | जिला कमाण्डेंट होमगार्ड अलीगढ़। |
| | | | सिविल डिफेंस इत्यादि | चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा अलीगढ़। |
| 6 | 13-05-2026 | Central Government Offices Day Finance Day | समस्त बैंकिंग क्षेत्र जनपद अलीगढ़। | लीड बैंक मैनेजर अलीगढ़। |
| | | | रेलवे क्षेत्रान्तर्गत कार्यालय इत्यादि। | स्टेशन अधीक्षक, अलीगढ़(एनसीआर) |
| | | | डाक विभाग के समस्त कार्यालय एवं कर्मचारी इत्यादि। | डाक अधीक्षक, मुख्य डाकघर अलीगढ़। |
| | | | कोषागार एवं समस्त वित्तीय संस्थायें। | वरिष्ठ कोषाधिकारी अलीगढ़। |
| 7 | 14-05-2026 | Educaion Day | उच्च शिक्षा अन्तर्गत समस्त महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान इत्यादि। | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधकारी अलीगढ़। |
| | | | माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत समस्त सरकारी/गैरसरकारी इण्टर कालिज एवं शैक्षणिक संस्थान एवं समस्त कोचिंग सेन्टर तथा स्वगणना जागरूकता अभियान/रैली इत्यादि। | जिला विद्यालय निरीक्षक अलीगढ़। |
| | | | बेसिक शिक्षा अन्तर्गत समस्त परिषदीय विद्यालय एवं निजी विद्यालय इत्यादि। | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलीगढ़। |
| | | | व्यवसायिक शिक्षा अन्तर्गत समस्त राजकीय एवं निजी प्रशिक्षण संस्थान इत्यादि। | प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगढ़। |
| | | | तकनीकी शिक्षा अन्तर्गत समस्त राजकीय निज़ी पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं इंजीनियरिंग संस्थान इत्यादि। | प्रधानाचार्य राजकीय महामाया पॉलिटेक्निक अलीगढ़। |
| 8 | 15-05-2026 | Health Day | कार्यालय एवं जनपद स्थित समस्त सरकारी/गैरसरकारी चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थयकेन्द्र, आशा वर्कर आयुष इत्यादि। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी अलीगढ़। |
| 9 | 16-05-2026 | Industry day | कार्यालय एवं समस्त इण्डस्ट्रियल क्षेत्र एवं वर्कर इत्यादि | उपायुक्त जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र अलीगढ़। |
| | | | समस्त मण्डी, आढ़ती/होटल एवं इत्यादि। | नगर मजिस्ट्रेट अलीगढ़। |
| | | | समस्त सिनेमा प्रबंधक को निर्देशित करें कि प्रत्येक मूवी शो में वीडियो दिखाकर प्रोत्साहित करना इत्यादि। | सहायक आयुक्त मनोरंजन अलीगढ़। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | रेस्टोरेंट इत्यादि। | अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अलीगढ़। |
| | | Transport Day | कार्यालय एवं अधीनस्थ संस्थायें। | सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अलीगढ़। |
| 10 | 17–05–2026 | Woment& SHG Day | सभी महिला नेतृत्व वाली संस्थायें, स्वयं सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी इत्यादि। | जिला कार्यक्रम अधिकारी अलीगढ़। |
| 11 | 18–05–2026 | Digital Access Support(Assisted Enumeration)/Special Needs Day | सीएससी(सामान्य सेवा केन्द्र) पर सहायता डेस्क/कियोस्क सुनिश्चित कराने हेतु। | ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अलीगढ़। |
| 12 | 19–05–2026 | Work-From-Home-Day | इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब इत्यादि ग्रुप यथा अलीगढ़ महोत्सव व अन्य चैनल पर प्रचार प्रसार हेतु। | ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अलीगढ़। |
| 13 | 20–05–2026 | Pride Day | कार्यालय एवं लेस्बियन, गे, बाईसेक्सूअल, ट्रांजेंडर और क्वीर समूह इत्यादि हेतु। | जिला समाज कल्याण अधिकारी अलीगढ़। |

उपरोक्त संदर्भ में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा ऑफिसियल यूट्यूब चैनल लिंक **https://youtu.be/XxqR7XkUME8?si=YUC0hq73DDrl0lua** द्वारा स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में प्राप्त मार्गदर्शिका एवं स्वगणना प्रक्रिया फ्लोचार्ट की छायाप्रति संलग्न कर उक्त समस्त नोडल अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित हैं कि सूची में अंकित अपने–अपने विभागान्तर्गत समस्त कार्यालयों/शैक्षणिक संस्थान/अन्य संस्थान/कॉलेज/स्कूल /समूह/संगठन /केन्द्र/व्यवसायिक उपक्रम/निकाय/राजस्व ग्रामों इत्यादि को **दिनांक 07–05–2026 से 21–05–2026** तक स्वगणना करने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उक्त सूची में **अंकित निर्धारित दिवस** को नोडल अधिकारी स्वयं व अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों(सरकारी, संविदा, आउटसोर्सिंग इत्यादि) का स्वगणना कार्यक्रम आयोजित कराकर स्वगणना करायें तथा स्वगणना करते हुए फोटोग्राफ्स जनगणना सहायक कलेक्ट्रेट अलीगढ़(मो0न0–7906856081) को तद्दिनांक को उपलब्ध करायें।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

(अविनाश कुमार)
प्रमुख जनगणना अधिकारी/
जिलाधिकारी, अलीगढ़।

**पत्रांक व दिनांक उपरोक्त।**

**प्रतिलिपि–**

1. रजिस्ट्रार, अलीगढ़ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के संबंध में यूनिवर्सिटी अन्तर्गत समस्त स्टाफ एवं छात्रों को निर्धारित समयावधि में स्वगणना हेतु प्रोत्साहित करने के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. नगर आयुक्त, नगर अलीगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अलीगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. कुल सचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी अलीगढ़ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त महाविद्यालयों को अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें।
5. समस्त उपजिलाधिकारी जनपद अलीगढ़ को इस निर्देश के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त पूर्व जनप्रतिनिधियों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया जाये।
6. नाजिर सदर कलेक्ट्रेट अलीगढ़ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पत्र मय संलग्नक की एक–एक प्रति उक्त समस्त अधिकारियों को तत्काल प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

प्रमुख जनगणना
अधिकारी/जिलाधिकारी, अलीगढ़।

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

मनीष चौहान,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त/मण्डल जनगणना अधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

सामान्य प्रशासन विभाग — लखनऊ: दिनांक 06 अप्रैल ~~मार्च~~, 2026

विषय: भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण (एचएलओ) के लिए स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना हेतु उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक गृह सचिव, भारत सरकार के पत्र संख्या-9/9/2026/CD(Cen) दिनांक 19 मार्च, 2026 एवं उक्त पत्र के साथ संलग्न भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण, अर्थात मकान सूचीकरण (एचएलओ) के लिए स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना हेतु उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त मार्गदर्शिका का उपयोग कर सुगम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अपने अधीनस्थ निदेशालयों/उपक्रमों/निगमों/कार्यालयों आदि के कर्मचारियों को राज्य क्षेत्र हेतु अधिसूचित 15 दिनों की अवधि के दौरान स्व-गणना करने के लिए प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोपरि।

Digitally signed by MANEESH CHAUHAN Date: 02-04-2026 12:35:38

भवदीय,

(मनीष चौहान)

प्रमुख सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त, जनगणना भवन, 2-ए मानसिंह रोड, नई दिल्ली ।
2. गृह सचिव, भारत सरकार को उनके पत्र दिनांक 19-03-2026 के संदर्भ में सूचनार्थ।
3. निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बृजेश कुमार)
उप सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

सत्यमेव जयते

सं० -जन- 71| प्रैन -2026

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
कर्तव्य भवन–3 / Kartavya Bhavan
नई दिल्ली / New Delhi

5

अर्द्धशासकीय पत्र सं. 9/9/2026/CD(Cen)

दिनांक: 19 मार्च, 2026

प्रिय मुख्य सचिव,

जैसा कि विदित है कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण- मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना, 1 अप्रैल, 2026 से 30 सितंबर, 2026 के बीच देश के सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा चयनित 30 दिनों की अवधि में संपन्न किया जाएगा। इस संबंध में अवधि तथा प्रश्नावली हेतु अधिसूचना पूर्व में ही जारी की जा चुकी है, जिसे राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पुनः प्रकाशित करते हुए मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की अवधि का उल्लेख किया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा संभावित अवधि अनुलग्नक-I में दी गई है। दूसरा चरण- जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए पृथक अधिसूचना यथासमय जारी की जाएगी।

2. डिजिटल इंडिया पहलों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, जनगणना 2027 में डेटा के संग्रहण और प्रसार की गुणवत्ता, दक्षता तथा समयबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डिजिटल प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रगणकों द्वारा डेटा संकलन के लिए एक समर्पित मोबाइल अनुप्रयोग (HLO Application) का उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आम नागरिकों के लिए स्व-गणना (Self-Enumeration – SE) की सुविधा एक समर्पित वेब पोर्टल (*https://se.census.gov.in*) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। यह पोर्टल मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) के लिए प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किए जाने वाले डेटा संकलन के प्रारंभ होने से ठीक पूर्व 15 दिनों की अवधि के लिए आम जनता के लिए खुला रहेगा।

3. स्व-गणना में सहभागिता एक सुरक्षित एवं सरल माध्यम प्रदान करती है, जिसके माध्यम से परिवार अपनी सुविधा के अनुसार परिवार संबंधी विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। यह वेब पोर्टल अंग्रेज़ी, हिंदी तथा 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। परिवार का कोई भी एक सदस्य लगभग 15–20 मिनट में स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए परिवार संबंधी विवरण दर्ज कर सकता है तथा स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) अपने मोबाइल/ई-मेल पर प्राप्त कर सकता है। प्रगणक के परिवार के भ्रमण के दौरान, स्व-गणना के विवरण की पुष्टि एवं अंतिम प्रस्तुतिकरण के लिए SE ID प्रगणक के साथ साझा करना आवश्यक होगा।

4. सुगम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए चरणबद्ध मार्गदर्शन प्रदान करने वाली *उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका* (User Guide) प्रेषित है, जिसे अनुलग्नक-II के रूप में संदर्भ हेतु उपलब्ध कराया गया है।

श्री चित्रगुप्त
23-02-26

अगले पृष्ठ पर जारी.....

Room No. 35101, 5th Floor, Kartavya Bhavan-3, Janpath, New Delhi-110001
Phone : +91-11-24010001-02, E-mail : hshso@nic.in

Scanned with OKEN Scanner

5. आपसे अनुरोध है कि आप अपने सभी शासकीय विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों तथा अन्य सभी संगठनों के कर्मचारियों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र हेतु अधिसूचित 15 दिनों की अवधि के दौरान स्व-गणना करने के लिए प्रोत्साहित करें। आपकी गरिमामयी सहभागिता न केवल एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगी, अपितु व्यापक जन-सहभागिता को भी प्रोत्साहित करेगी, जिससे राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य के कुशल, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम संचालन में आवश्यक योगदान सुनिश्चित होगा।

6. किसी भी प्रकार की स्पष्टीकरण के लिए, आपके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्थित जनगणना कार्य निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

आपका शुभाकांक्षी,

(गोविंद मोहन)

<u>मुख्य सचिव (सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश)</u>

Scanned with OKEN Scanner

अनुलग्नक-I

## मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना - 2026

| क्र. सं | राज्य /संघ राज्य क्षेत्र | स्व-गणना की प्रस्तावित अवधि | प्रगणक द्वारा मकानसूचीकरण की प्रस्तावित अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 16 अप्रैल से 30 अप्रैल | 1 मई से 30 मई |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 16 अप्रैल से 30 अप्रैल | 1 मई से 30 मई |
| 4 | असम | 2 अगस्त से 16 अगस्त | 17 अगस्त से 15 सितंबर |
| 5 | बिहार | 17 अप्रैल से 1 मई | 2 मई से 31 मई |
| 6 | चंडीगढ़ | 16 अप्रैल से 30 अप्रैल | 1 मई से 30 मई |
| 7 | छतीसगढ़ | 16 अप्रैल से 30 अप्रैल | 1 मई से 30 मई |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 5 अप्रैल से 19 अप्रैल | 20 अप्रैल से 19 मई |
| 9 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | (क) नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल<br><br>(ख) दिल्ली नगर निगम (MCD) क्षेत्र में 1 मई से 15 मई | (क) नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) और दिल्ली छावनी बोर्ड के क्षेत्रों में 16 अप्रैल से 15 मई<br><br>(ख) दिल्ली नगर निगम (MCD) क्षेत्र में 16 मई से 14 जून |
| 10 | गोवा | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 11 | गुजरात | 5 अप्रैल से 19 अप्रैल | 20 अप्रैल से 19 मई |
| 12 | हरियाणा | 16 अप्रैल से 30 अप्रैल | 1 मई से 30 मई |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 27 अप्रैल से 11 मई | 12 मई से 10 जून |

Scanned with OKEN Scanner

| मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना - 2026 | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं | राज्य /संघ राज्य क्षेत्र | स्व-गणना की प्रस्तावित अवधि | प्रगणक द्वारा मकानसूचीकरण की प्रस्तावित अवधि |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 17 मई से 31 मई | 1 जून से 30 जून |
| 15 | झारखंड | 1 मई से 15 मई | 16 मई से 14 जून |
| 16 | कर्नाटक | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 17 | केरल | 16 जून से 30 जून | 1 जुलाई से 30 जुलाई |
| 18 | लद्दाख | 17 मई से 31 मई | 1 जून से 30 जून |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 20 | मध्य प्रदेश | 16 अप्रैल से 30 अप्रैल | 1 मई से 30 मई |
| 21 | महाराष्ट्र | 1 मई से 15 मई | 16 मई से 14 जून |
| 22 | मणिपुर | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 23 | मेघालय | 1 मई से 15 मई | 16 मई से 14 जून |
| 24 | मिजोरम | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 25 | नागालैंड | 16 जून से 30 जून | 1 जुलाई से 30 जुलाई |
| 26 | ओडिशा | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 27 | पुदुचेरी | 17 मई से 31 मई | 1 जून से 30 जून |
| 28 | पंजाब | 30 अप्रैल से 14 मई | 15 मई से 13 जून |
| 29 | राजस्थान | 1 मई से 15 मई | 16 मई से 14 जून |
| 30 | सिक्किम | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल | 16 अप्रैल से 15 मई |
| 31 | तमिल नाडु | 17 जुलाई से 31 जुलाई | 1 अगस्त से 30 अगस्त |
| 32 | तेलंगाना | 26 अप्रैल से 10 मई | 11 मई से 9 जून |
| 33 | त्रिपुरा | 17 जुलाई से 31 जुलाई | 1 अगस्त से 30 अगस्त |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 7 मई से 21 मई | 22 मई से 20 जून |
| 35 | उत्तराखंड | 10 अप्रैल से 24 अप्रैल | 25 अप्रैल से 24 मई |
| 36 | पश्चिम बंगाल | अभी तय होना बाकी है | अभी तय होना बाकी है |

Scanned with OKEN Scanner

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण- मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए स्व-गणना

## उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

### प्रस्तावना

स्व-गणना (Self-Enumeration-SE) जनगणना की एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत निवासी अपने परिवार संबंधी विवरण को स्वयं ऑनलाइन भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा अधिसूचित अवधि के अनुसार, SE पोर्टल, प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर किए जाने वाले मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) के प्रारंभ होने से 15 दिन पूर्व से सक्रिय रहेगा। पोर्टल के खुलने की तिथि तथा इसकी सक्रिय अवधि पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। यह प्रक्रिया पूर्ण करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग सकता है तथा सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण के पश्चात एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) उत्पन्न होगी।

### स्टेप 1: प्रवेश और प्रारंभिक लॉगिन

- **पोर्टल:** पोर्टल तक पहुंचने के लिए https://se.census.gov.in पर जाएं।
- **प्रारंभिक चयन:** ड्रॉप-डाउन सूची से अपना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र चुनें तथा आगे बढ़ने के लिए कैप्चा दर्ज करें।
- **उपकरण संबंधी सुझाव:** *डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करते समय बेहतर दृश्यता के लिए लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करना प्रस्तावित है।*

### स्टेप 2: परिवार का पंजीकरण

- **परिवार का मुखिया:** परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करें। इस प्रविष्टि के पास एक टूलटिप उपलब्ध है, जो यह समझने में सहायता करेगा कि परिवार का मुखिया किसे माना जाए ।
  - **महत्वपूर्ण:** *एक बार पंजीकरण होने के बाद इस नाम को बदला नहीं जा सकेगा।*
- **मोबाइल पंजीकरण:** परिवार के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर दर्ज करें। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाना चाहिए और वह नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।
- **ईमेल (वैकल्पिक):** आप अपनी स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) ई-मेल के माध्यम से प्राप्त करने हेतु एक ई-मेल आईडी भी प्रदान कर सकते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

**स्टेप 3: भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन**

- **भाषा वरीयता:** अपनी पसंदीदा भाषा सावधानीपूर्वक चुनें। प्रक्रिया के बाद के चरणों में इसे बदला नहीं जा सकेगा।
  - **महत्वपूर्ण:** *चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता।*
- **ओटीपी सत्यापन:** अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एक-बार उपयोग होने वाला पासवर्ड (ओटीपी) दर्ज कर सत्यापन करें और आगे बढ़ें।
  - **सुझाव:** *ओटीपी प्राप्त करने के लिए सुनिश्चित करें कि आपके मोबाइल में पर्याप्त नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध हो।*

**स्टेप 4: निवास स्थान का विवरण प्रदान करना**

- **स्थान संबंधी विवरण:** अपना जिला चुनें और अपना पिन कोड (वैकल्पिक) दर्ज करें। इसके पश्चात अपने गाँव/नगर, स्थानीय क्षेत्र तथा निकटवर्ती पहचान-चिहन (लैंडमार्क) का नाम दर्ज करें। इसके बाद "खोज" पर क्लिक करें।

**स्टेप 5: मानचित्र पर अपने निवास स्थान का चिन्हांकन**

- **परस्पर क्रियात्मक मानचित्रण:** स्क्रीन पर एक लाल संकेतक (मार्कर) के साथ मानचित्र प्रदर्शित होगा। इस संकेतक को खींचकर अपने निवास स्थान के सटीक स्थान पर रखें ताकि आवासीय भवन का सही स्थान चिन्हित किया जा सके। इसके बाद "सहेजें और आगे बढ़े" पर क्लिक करें। स्थान संबंधी जानकारी की पुष्टि हेतु एक संदेश प्रदर्शित होगा।
  - **उद्देश्य:** *यह प्रगणक द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान सत्यापन हेतु स्व-गणना (SE) डेटा को संबंधित मकानसूचीकरण ब्लॉक (Houselisting Block) से आवंटित करने में सहायक होगा।*

**स्टेप 6: प्रश्नावली को पूर्ण करना**

- **सूचना दर्ज करना:** मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रश्नावली को भरें।
- **मार्गदर्शन साधन:** विशिष्ट प्रश्नों के लिए प्रश्नों के नीचे दिए गए नोट्स, "टूलटिप्स" तथा "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न" का उपयोग करें।
- **एकरूपता:** यह प्रश्नावली वही है जिसका उपयोग प्रगणक द्वारा किया जाएगा। भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, जनगणना मकान का उपयोग तथा परिवार क्रमांक जैसी कुछ जानकारी प्रगणक द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अलग से दर्ज की जाएगी।
- **नेविगेशन:** प्रणाली में अगले पृष्ठ पर जाने से पहले वर्तमान स्क्रीन को पूर्ण करना आवश्यक है, हालांकि आप किसी भी समय पिछली प्रविष्टियों में संशोधन करने के लिए वापस जा सकते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

**स्टेप 7: दर्ज किए गए डेटा की समीक्षा**

- **पूर्वावलोकन:** "पूर्वावलोकन" स्क्रीन के माध्यम से सभी दर्ज की गई जानकारी को अनुभाग-वार जांचें। इस चरण पर डेटा में संशोधन किया जा सकता है।
- **ड्राफ्ट के रूप में सेव करें:** आप जानकारी को ड्राफ्ट के रूप में सेव रख सकते हैं और अंतिम तिथि से पूर्व इसे अंतिम रूप देकर "पुष्टि करें और सबमिट" कर सकते हैं।

**स्टेप 8: अंतिम प्रस्तुतीकरण**


- **डेटा लॉक करना:** जब आप संतुष्ट हों, तब ***"पुष्टि करें और सबमिट करें"*** पर क्लिक करें। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा, सिवाय इसके कि प्रगणक द्वारा आवश्यक परिवर्तन किए जाएँ।
- **प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि:** अंतिम तिथि सभी पृष्ठों पर चलती हुई सूचना (Marquee) के रूप में प्रदर्शित की जाएगी। यदि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अंतिम रूप से प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो स्व-गणना पूर्ण नहीं मानी जाएगी।
- **आईडी का निर्माण:** सफल प्रस्तुतीकरण के पश्चात "H" से प्रारंभ होने वाली 11 अंकों की एक विशिष्ट SE ID उत्पन्न होगी और प्रदर्शित की जाएगी। यह SE ID एसएमएस तथा ई-मेल (यदि प्रदान किया गया हो) के माध्यम से भी भेजी जाएगी। इसे स्क्रीनशॉट लेकर सुरक्षित रखना तथा लिखकर नोट कर लेना अनुशंसित है।
- **SE ID पुनः प्राप्त करना:** पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से पोर्टल से बाद में भी SE ID प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

**स्टेप 9: क्षेत्रीय सत्यापन**

- **प्रगणक द्वारा घर का भ्रमण:** जब जनगणना प्रगणक आपके घर आए, तो उन्हें अपनी SE ID प्रदान करें।
- **ID मिलान:**
    - यदि SE ID प्रगणक के मोबाइल में उपलब्ध किसी भी SE ID से मेल खाती है, तो आपका स्व-गणना डेटा सत्यापित, स्वीकार एवं प्रस्तुत कर दिया जाएगा।
    - यदि SE ID का मिलान नहीं होता है, तो प्रगणक आपके परिवार की जानकारी पुनः एकत्र करेगा।

*****************************

# स्व-गणना फ्लो चार्ट



## अनुभाग 1 : पोर्टल में प्रवेश एवं प्रारंभिक पंजीकरण

**1 पोर्टल में प्रवेश एवं लॉग-इन**

https://se.census.gov.in पर जाएँ, अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज करें।

**2 परिवार पंजीकरण**

परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर ई-मेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें

⚠ परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकेगा।

⚠ प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। एक बार पंजीकृत होने के बाद वही मोबाइल नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

## अनुभाग 2 : सत्यापन एवं स्थान की पहचान

**3 भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन**

अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी (OTP) दर्ज करें।

⚠ चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता।

**4 स्थान संबंधी विवरण प्रदान करें**

अपने जिले का चयन करें, पिन कोड दर्ज करें गांव/नगर/स्थानीय क्षेत्र (लोकैलिटी) की जानकारी भरें

**5 मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिन्हित करें**



मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर (Drag करके) अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें तथा स्थान की पुष्टि करें।

## अनुभाग 3 : डेटा दर्ज करें एवं अंतिम प्रस्तुतिकरण

**6 प्रश्नावली पूर्ण करें**

मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रश्नावली भरें। प्रश्नों को समझने में सहायता के लिए टूलटिप्स, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) तथा "आवश्यक सूचना" उपलब्ध हैं।

**7 पूर्वावलोकन एवं समीक्षा**

पूर्वावलोकन (Preview) स्क्रीन का उपयोग करके दर्ज की गई सभी जानकारी की जाँच करें। आप निम्न कार्य कर सकते हैं: डेटा दर्ज करने में संशोधन के लिए वापस जाएं, बाद में प्रस्तुत करने के लिए ड्राफ्ट के रूप में सेव करें, या पुष्टि करें और सबमिट करें

**8 अंतिम प्रस्तुतिकरण**

"पुष्टि करें और सबमिट करें" पर क्लिक करके अपने डेटा का अंतिम प्रस्तुतिकरण करें। अंतिम प्रस्तुतिकरण के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

**स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) का सृजन**

प्रपत्र के सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने पर 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) उत्पन्न होगी, जो "H" अक्षर से प्रारंभ होती है। यह SMS तथा ई-मेल (यदि प्रदान किया गया हो) के माध्यम से भेजी जाएगी।

## अनुभाग 4 : क्षेत्रीय सत्यापन



**9 प्रगणक का दौरा**

जब जनगणना प्रगणक (Enumerator) आपके घर आएँ, तो उन्हें अपनी SE ID प्रदान करें।

**SE ID मिलान का परिणाम**

यदि SE ID मौजूदा रिकॉर्ड से मेल खाती है, तो आपकी जानकारी की पुष्टि कर उसे स्वीकार कर लिया जाएगा। यदि SE ID का मिलान नहीं होता है, तो प्रगणक द्वारा नई जानकारी एकत्रित की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner


# Self-Enumeration- HLO Phase
# Census 2027

Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh
Ministry of Home Affairs, Government of India

Scanned with OKEN Scanner

# स्व-गणना / Self Enumeration : https://se.census.gov.in

## Steps




Scanned with OKEN Scanner

# स्व-गणना / Self Enumeration




8

Scanned with OKEN Scanner

# Locate Your Residence

State / UT
Maharashtra

District
Pune

PIN Code (Optional)
412207

Search Locality Village Town Landmark
Kesnand, Pune, Maharashtra

SEARCH

SAVE & NEXT






Scanned with OKEN Scanner

## Five Pronged Startegy for SE

1. Resource persons- FT/MT
2. Eminent people
3. Department-wise
4. General Public- Target clusters
5. Media Events

Make/Follow a day-wise calendar

Scanned with OKEN Scanner

# Self Enumeration: President & PM

**President of India** @rashtrapatib... · 3h

President Droupadi Murmu participated in the self-enumeration initiative of the Government of India for Census 2027 at Rashtrapati Bhavan. This Census is being conducted in digital mode for the first time.

The President self-enumerated her household details in the portal (se.census.gov.in) in the presence of Home Secretary Shri Govind Mohan, Registrar General and Census Commissioner of India Shri Mritunjay Kumar Narayan and other senior officials.



**Narendra Modi**
@narendramodi

Completed my self enumeration.

Today marks the beginning of the first phase of Census 2027, relating to house listing and housing operations. This census is the first time data collection is being done through digital means. It also empowers the people of India to self-enumerate their household details.

I appeal to the people of India to self-enumerate their household details themselves and participate in the Census process.



Scanned with OKEN Scanner

# Media

https://drive.google.com/drive/folders/1IB9jKQHOG4xmF7Cmml
Pwhfni8mDDm5Y_?usp=drive_link

- Banners
- Census Songs
- GDN
- Infographics
- Mascots - Census 2027
- Myth Buster Series
- Outdoor Hoardings
- Press Conferences and Release
- Print Ads

- Radio Jingles
- REELS
- Sky Bus
- Social Media
- Tutorial Videos
- TVCs
- Youtube Links



Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| Day 1 Thurs<br>7 May, 2026 | Revenue & Administration Day/<br>MP/ MLAs/ MLCs | All Heads of Departments/ Offices to self enumerate and share pic as status |
| Day 2 Fri<br>8 May, 2026 | Local Governance Day/<br>Rural Development Day | Mayor / Nagar Panchayat Chairman along with all Parshads and Sabhasad (district HQ town)/<br>Zila Panchayat Adhyaksh/ Kshetra Panchayats/<br>Gram Pradhans/ Agricultural institutions |
| Day 3 Sat<br>9 May, 2026 | Youth and Sports Day<br>Community Institutions/<br>Media Day | Clubs/ Stadiums/ NSS/ NCC<br>Announcements after gatherings/<br>All Prominent Media houses/ Persons |
| Day 4 Sun<br>10 May, 2026 | Padma Awardees residing in the district/<br>Resident Welfare Associations/<br>High-Density Urban Clusters | Renowned personalities/ Apartments, gated societies<br>Bulk awareness via society WhatsApp groups |
| Day 5 Mon<br>11 May, 2026 | Judicial Day | Request/ Facilitate Participation from Judiciary/ Bar Associations |
| Day 6 Tues<br>12 May, 2026 | Uniform Forces Day (outside Special charges) | Police/ PAC/ CPMF batallions |
| Day 7 Wed<br>13 May, 2026 | Central Government Offices Day<br>Finance Day | Banks/ Railways/ Post Offices/ Treasury and all Financial Institutions |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| Day 8 Thurs<br>14 May, 2026 | Education Day | Education Department/ Schools/ colleges/ polytechnics/ ITIs/ Universities/ Coaching centres |
| Day 9 Fri<br>15 May, 2026 | Health Day | IMA/ Nursing home Association/ All Health Department staff and units/ AYUSH |
| Day 10 Sat<br>16 May, 2026 | Industry and Transport Day | Shops/ mandis, traders/ Hotels/ Resaturants/ Transporters/ Cinema Halls |
| Day 11 Sun<br>17 May, 2026 | Women & SHG Day | All women headed institutions/ SHGs etc<br>Anganwadi centres<br>ASHA workers |
| Day 12 Mon<br>18 May, 2026 | Digital Access Support (Assisted Enumeration) / Special Needs Day | **Help desks / kiosks** at CSCs (Common Service Centres), Panchayat Bhawans, Urban ward offices |
| Day 13 Tues<br>19 May, 2026 | Work-From-Home Day | Traget everyone who works on devices but yet to self-enumerate including online classes<br>Instagram, Facebook, YouTube users |
| Day 14 Wed<br>20 May, 2026 | Pride Day | LGBTQ Households |

Scanned with OKEN Scanner

## General Public- Target clusters

- Sensitize **RWA, IMA, trade bodies** and social organizations; inform RWAs via Development Authorities.
- Conduct census awareness programs in **universities, medical and engineering colleges (online/offline)**.
- Train one teacher per school/college to lead self-enumeration training (online possible).
- Promote through co-curricular activities in schools and colleges.
- Target coaching hubs to inform student tenants about self-enumeration (only for normal households).
- Use simple media messaging for working couples—self-enumeration takes just 5 minutes, anytime.

Scanned with OKEN Scanner